# भारतीय जनता पार्टी

**(केंद्रीय कार्यालय)**

6-ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

12 नवंबर 2024, मंगलवार

## केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह द्वारा झारखंड के झरिया एवं बाघमारा विधानसभा में आयोजित विशाल जनसभाओं में दिए गए संबोधन के मुख्य बिंदु

**झारखंड की जनता ने खुद को करोड़पति बनाने वाली JMM की जगह मोदी जी के नेतृत्व में गरीब माताओं-बहनों को लखपति दीदी बनाने वाली भाजपा-एनडीए की सरकार बनाने जा रही है।**

**********************

**JMM को पिछड़ा, आदिवासी और युवाओं की लूटी एक-एक पाई चुकानी पड़ेगी।**

**********************

**राहुल गांधी की 'खटाखट' वाली झूठी स्कीम को न केवल जनता ने नकारा है, बल्कि कांग्रेस के अध्यक्ष ने भी उसे ठुकरा दिया है।**

**********************

**जले हुए ट्रांसफार्मर के समान हेमंत सोरेन की सरकार को उखाड़ फेकने का समय आ गया है।**

**********************

**JMM सरकार में युवाओं को नौकरी के लिए दौड़-दौड़कर मरना पड़ता है, भाजपा पारदर्शी तरीके से भर्ती करेगी और डाकिया नियुक्ति पत्र लेकर घर आएगा।**

**********************

**हेमंत सोरेन सरकार घुसपैठियों का स्वागत लाल कालीन बिछा कर करती है।**

**********************

**JMM-कांग्रेस सरकार घुसपैठियों को आदिवासी युवाओं का रोजगार बांट रही है।**

**********************

**एक तरफ राहुल गांधी देश को जातियों में बांटने का काम कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर मोदी जी 4 जातियों- गरीब, युवा, महिलाएं और किसान का कल्याण कर रहे हैं।**

**********************

**कांग्रेस पार्टी आरक्षण विरोधी पार्टी है। यह पिछड़ों, आदिवासियों और दलितों का आरक्षण समाप्त कर, उसे अल्पसंख्यकों को देना चाहती है।**

**********************

**जब तक भाजपा है, कोई भी दलित, आदिवासी और पिछड़ो के आरक्षण को हाथ नहीं लगा सकता।**

**********************

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज मंगलवार को झारखंड के झरिया और बाघमारा में आयोजित विशाल जनसभाओं को संबोधित किया और झारखंड में घुसपैठ को ख़त्म कर विकास की गति को और तेज करने के लिए भारी बहुमत से भाजपा-नीत एनडीए सरकार बनाने की अपील की। उन्होंने झारखंड में आदिवासियों की जनसंख्या घटने के मुद्दे को लेकर राज्य की इंडी गठबंधन को जिम्मेदार ठहराते हुए जमकर आलोचना की। कार्यक्रम में भाजपा के सभी स्थानीय प्रत्याशी तथा पार्टी के कई वरिष्ठ नेता एवं पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

श्री शाह ने कहा कि **आने वाली 20 तारीख को झारखंड की जनता को मतदान करना है और झारखंड की जनता का एक-एक वोट झारखंड का भविष्य तय करेगा। आपका वोट यह तय करेगा कि राज्य में खुद को करोड़ ति बनाने वाली झामुमो की हेमंत सोरेन सरकार बनेगी या गरीब माताओं-बहनों को लखपति बनाने वाली आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनेगी।** झामुमो और कांग्रेस के नेताओं ने इतने घोटाले और भ्रष्टाचार किए हैं कि उनके नेताओं के घरों से कैश में 350 करोड़ रुपए मिलते हैं। झारखंड सरकार में मंत्री आलमगीर आलम के घर से 35 करोड़ रुपए पकड़े गए थे। कांग्रेस के सांसद के घर इतने रुपये मिले कि नोट गिनने वाली मशीनें खराब हो गईं। ये पैसे जो इंडी गठबंधन के नेताओं ने अपने घरों में भरे है, ये सारे पैसे झाराखंड की जनता के और यहां के युवाओं के हैं। ये इंडी गठबंधन वाले सोचते हैं कि जनता का पैसा तो लूट लिया, अब इनका कोई  कुछ नहीं कर सकता। झारखंड की जनता एक बार राज्य में भाजपा की सरकार बना दे, इन भ्रष्टाचारियों पर कठोर कार्रवाई करके झारखंड की जनता से लूटा हुआ पैसा वापस लेकर राज्य सरकार के कोष में जमा कराया जाएगा।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि झारखंड राज्य देश का सबसे समृद्ध राज्य है क्योंकि यहां की भूमि में मौजूद खनिज इसे समृद्ध बनाता है, लेकिन हमारे झारखंडी भाई-बहन समृद्ध नहीं हैं क्योंकि यहां विकास के कोई कार्य नहीं हो रहे हैं। झारखंड की जनता भारतीय जनता पार्टी की सरकार बना दे तो भाजपा झारखंड को देश का सबसे समृद्ध राज्य बनाएगी। बीते 10 वर्षों में पीएम श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश के गरीबों के लिए ढेर सारे काम किए हैं। भाजपा ने गरीब के घर तक शौचालय पहुंचाया, गैस का सिलेंडर पहुंचाया, घर दिया, बिजली पहुंचाई, पीने का पानी पहुंचाया और प्रतिमाह मुफ्त राशन भी पहुंचाया जा रहा है। 10 साल तक आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने झारखंड की भूमि को ही गरीब कल्याण का माध्यम बनाया है, आयुष्मान भारत योजना, मुद्रा योजना, पीएम जनमन योजना जैसी कल्याणकारी योजनाएं झारखंड की भूमि से शुरू की गईं।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि सोनिया-मनमोहन की सरकार के 10 वर्षों में झारखंड को केवल ₹84,000 करोड़ का आवंटन मिला था, लेकिन मोदी सरकार में 2014 से 2024 के बीच राज्य को ₹3 लाख 90 हजार करोड़ दिया गया है, जिसमें बुनियादी ढांचे के विकास के लिए अतिरिक्त 81 हजार करोड़ रुपये अलग से दिए गए हैं। **झारखंड मुक्ति मोर्चा और राहुल गांधी ने देश को जातियों में बांटने का काम किया है जबकि मोदी जी ने गरीब, महिला, युवा व किसानों को प्राथमिकता दी है। भारतीय जनता पार्टी जो वादे करती है, उसे पूरा करती है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे को अपनी पार्टी से ये कहना पड़ा कि वही वादे किए जाएं, जो पूरे हो सकें। कांग्रेस ने कर्नाटक, हिमाचल और तेलंगाना में जो वादे किए, वो पूरे नहीं हो सके।**

श्री शाह ने कहा कि **झारखंड एक समृद्ध प्रदेश है लेकिन रोजगार न होने के कारण यहाँ के लोग देश में अन्य राज्यों में मजदूरी करने को मजबूर हैं। झारखंड की जनता, राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बना दे तो झारखंड के युवाओं के लिए राज्य में ही रोजगार की व्यवस्था की जाएगी ताकि वो अपनी पत्नी और वृद्ध माता-पिता के साथ रह सकें।** जिस तरह से घरों में बिजली पहुंचाने का काम एक ट्रांसफॉर्मर करता है, उसी तरह केंद्र की योजनाओ को आम जनता तक पहुंचाने का कार्य राज्य सरकार करती है लेकिन हेमंत सोरेन सरकार का ट्रांसफॉर्मर जल चुका है , इसे बदलना है और झारखंड में भाजपा की सरकार बनानी है।

कांग्रेस पर हमला जारी रखते हुए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **कांग्रेस पिछड़ा और दलित विरोधी पार्टी है।** 1950 में काका कालेलकर कमीशन बनी लेकिन इसकी रिपोर्ट को कांग्रेस ने सामने नहीं आने दिया। पिछड़ों को आरक्षण देने के लिए मण्डल कमीशन बनाया गया लेकिन इंदिरा गांधी ने मण्डल कमीशन का विरोध किया। वर्ष 2014 में झारखंड और देश की जनता ने भाजपा सरकार बनाई तो आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने केन्द्र की सभी परीक्षाओं और नौकरियों में पिछड़ा वर्ग को 27% आरक्षण देने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि **झामुमो, कांग्रेस और आरजेडी के लोग झूठ फैला रहे हैं कि यूसीसी आएगा, तो आदिवासियों को उससे समस्या होगी। भारतीय जनता पार्टी ने यह तय किया है कि झारखंड में घुसपैठ रोकने के लिए यूसीसी तो जरूर आएगा लेकिन हमारे आदिवासियों को यूसीसी के दायरे से बाहर रखा जाएगा, उन पर इसका कोई असर नहीं होगा।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज मंगलवार को झारखंड के झरिया एवं बाघमारा विधानसभा में आयोजित विशाल जनसभाओं को संबोधित किया और झारखंड की जनता से घुसपैठ को ख़त्म करने और विकास की गति को और तेज करने के लिए झारखंड में भारी बहुमत से एनडीए सरकार बनाने का आह्वान किया। उन्होंने आदिवासियों की जनसंख्या घटने के मुद्दे पर इंडी गठबंधन को आड़े हाथों लेते हुए कांग्रेस-झामुमो और आरजेडी पर करारे हमले किये। कार्यक्रम में पार्टी के कई वरिष्ठ नेता एवं पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

श्री शाह ने कहा कि आने वाली 20 तारीख को झारखंड की जनता को मतदान करना है और झारखंड की जनता का एक-एक वोट झारखंड का भविष्य तय करेगा। **आपका वोट यह तय करेगा कि झारखंड में खुद को करोड़पति बनाने वाली झामुमो की सरकार बनेगी या गरीब माताओं-बहनों को लखपति बनाने वाली आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा-एनडीए की सरकार बनेगी। झामुमो और कांग्रेस के नेताओं ने इतने घोटाले और भ्रष्टाचार किए हैं कि उनके नेताओं के घरों से 350 करोड़ रुपए मिलते हैं, झारखंड सरकार में मंत्री आलमगीर आलम के घर से 35 करोड़ रुपए पकड़े गए थे।** कांग्रेस के सांसद के घर इतने रुपये मिले कि नोट गिनने वाली मशीनें खराब हो गईं। **यह पैसे जो इंडी गठबंधन के नेताओं ने अपने घरों में भरे है, ये सारे पैसे झराखंड की जनता के और यहां के युवाओं के हैं। ये इंडी गठबंधन वाले सोचते हैं कि जनता का पैसा तो लूट लिया, अब इनका कोई कुछ नहीं कर सकता। झारखंड की जनता एक बार राज्य में भाजपा की सरकार बना दे, इन भ्रष्टाचारियों पर कठोर कार्रवाई करके झारखंड की जनता से लूटा हुआ पैसा वापस लेकर राज्य सरकार के कोष में जमा कराया जाएगा।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **झारखंड की इंडी सरकार घोटालों की सरकार है।** इस ठगबंधन वाली सरकार ने 1000 करोड़ रुपए का मनरेगा घोटाला किया, भूमि घोटले किए, 1000 करोड़ रुपए का खनन घोटाला किया, सेना की अधिकृत जमीन पर कब्जा किया और हजारों करोड़ रुपए का शराब घोटाला किया। **राहुल गांधी 'खटा-खट' घोषणाएं तो कर रहे हैं लेकिन वो कभी पूरी नहीं होंगी और अब तो ये बात कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी मान ली है। दूसरी तरफ आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की गारंटियां हैं और श्री नरेन्द्र मोदी जी की एक-एक गारंटी पत्थर की लकीर है। भारतीय जनता पार्टी 'गोगो दीदी योजना' के तहत महिलाओं को 2100 रुपये प्रति माह देगी, झारखंड की माताओं-बहनों को 500 रुपये में गैस सिलेंडर दिया जाएगा और दीपावली व रक्षाबंधन के दिन 2 सिलेंडर निशुल्क देने का कार्य किया जाएगा। हेमंत सोरेन ने युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था लेकिन उसे पूरा नहीं किया, भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद हर युवा को 2000 रुपये बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा।** भाजपा सरकार के दौरान झारखंड में 50 लाख की संपत्ति खरीदने पर बहनों को स्टाम्प ड्यूटी केवल 1 रुपये देनी पड़ती थी लेकिन हेमंत सरकार ने ये छूट देनी बंद कर दी। भारतीय जनता पार्टी की सरकार के आने के बाद इस योजना को पुनः लागू किया जाएगा,

किसानों का धान 3,100 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से खरीदा जाएगा और विधवा, वृद्ध व दिव्यांगों को 2,500 प्रति माह दिए जाएंगे।

श्री शाह ने कहा कि **झारखंड के अंदर घुसपैठ सबसे बड़ी चुनौती है, लेकिन हेमंत सोरेन सरकार झारखंड में घुसपैठियों का स्वागत लाल कालीन बिछा कर करती है। झारखंड सरकार इन घुसपैठियों को हमारे युवाओं की रोजी-रोटी भी बांट रही है।** ये घुसपैठिए आदिवासी बहन-बेटियों से दूसरी और तीसरी शादी कर उनकी जमीनें हड़पते है। **झारखंड की जनता भाजपा की सरकार बना दे तो एक-एक घुसपैठिए को चुन-चुन कर राज्य की सरहदों से बाहर किया जाएगा और किसी भी घुसपैठिए को राज्य में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा।** कांग्रेस सरकार ने 75 सालों तक भगवान श्री राम के भव्य मंदिर को अटकाने और लटकाने का कार्य किया था लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 5 ही वर्षों के भीतर केस भी जीता, मंदिर भी बनवाया और राम लला की प्राण प्रतिष्ठा कर उन्हें भव्य राम मंदिर में विराजमान भी किया। आदरणीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में न केवल राम मंदिर बना है बल्कि आज सोमनाथ का मंदिर भी सोने का बन रहा है। झारखंड में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने बाद राज्य में चल रहे कट-कमीशन को बंद किया जाएगा और यहां चल रही कोयला तस्करी को भी बंद कराया जाएगा।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **हेमंत सोरेन की सरकार में युवाओं को रोजगार के लिए दौड़ा-दौड़ा कर अपनी जान देनी पड़ रही है। भाजपा झारखंड के युवाओं को यह विश्वास दिलाती है कि राज्य में सरकार बनने के बाद एक ऐसी पारदर्शी चयन प्रक्रिया को लागू किया जाएगा कि युवाओं को कोई भी परेशानी न हो और उनका नियुक्ति पत्र भी डाकिया खुद घर तक पहुंचाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी आरक्षण विरोधी पार्टी है, ये लोग देश के दलितों, पिछड़ो एवं आदिवासियों का आरक्षण काटकर अल्पसंख्यकों और मुस्लिमों को देना चाहते हैं, लेकिन जब तक भारतीय जनता पार्टी है तब तक कोई भी हमारे दलित, आदिवासी और पिछड़ो के आरक्षण को हाथ नहीं लगा सकता। राहुल गांधी की कांग्रेस पार्टी जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 को बहाल करना चाहती है, लेकिन न तो राहुल गांधी और न ही उनकी आने वाली 4 पीढ़ियां भी इसे वापस ला सकती हैं। कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और इसे कोई छीन नहीं सकता।**

श्री शाह ने कहा कि झारखंड राज्य देश का सबसे समृद्ध राज्य है क्योंकि यहां की भूमि में मौजूद खनिज इसे समृद्ध बनाता है, लेकिन हमारे झारखंडी भाई-बहन समृद्ध नहीं हैं क्योंकि यहां विकास के कोई कार्य नहीं हो रहे हैं। झारखंड की जनता भारतीय जनता पार्टी की सरकार बना दे तो भाजपा झारखंड को देश का सबसे समृद्ध राज्य बनाएगी। बीते 10 वर्षों में पीएम श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश के गरीबों के लिए ढेर सारे काम किए हैं। भाजपा ने गरीब के घर तक शौचालय पहुंचाया, गैस का सिलेंडर पहुंचाया, घर दिया, बिजली पहुंचाई, पीने का पानी पहुंचाया और प्रतिमाह मुफ्त राशन भी पहुंचाया जा रहा है। 10 साल तक आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने झारखंड की भूमि को ही गरीब कल्याण का माध्यम बनाया है, आयुष्मान भारत योजना, मुद्रा योजना, पीएम जनमन योजना जैसी कल्याणकारी योजनाएं झारखंड की भूमि से शुरू की गईं।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि सोनिया-मनमोहन की सरकार के 10 वर्षों में झारखंड को केवल ₹84,000 करोड़ का आवंटन मिला था, लेकिन मोदी सरकार में 2014 से 2024 के बीच राज्य को ₹3 लाख 90 हजार करोड़ दिया गया है, जिसमें बुनियादी ढांचे के विकास के लिए अतिरिक्त 81 हजार करोड़ रुपये अलग से दिए गए हैं। **झारखंड मुक्ति मोर्चा और राहुल गांधी ने देश को जातियों में बांटने का काम किया है जबकि मोदी जी ने गरीब, महिला, युवा व किसानों को प्राथमिकता दी है। भारतीय जनता पार्टी जो वादे करती है, उसे पूरा करती है। कांग्रेस के**

**राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे को अपनी पार्टी से ये कहना पड़ा कि वही वादे किए जाएं, जो पूरे हो सकें। कांग्रेस ने कर्नाटक, हिमाचल और तेलंगाना में जो वादे किए, वो पूरे नहीं हो सके।**

श्री शाह ने कहा कि **झारखंड एक समृद्ध प्रदेश है लेकिन रोजगार न होने के कारण यहाँ के लोग देश में अन्य राज्यों में मजदूरी करने को मजबूर हैं। झारखंड की जनता, राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बना दे तो झारखंड के युवाओं के लिए राज्य में ही रोजगार की व्यवस्था की जाएगी ताकि वो अपनी पत्नी और वृद्ध माता-पिता के साथ रह सकें।** जिस तरह से घरों में बिजली पहुंचाने का काम एक ट्रांसफॉर्मर करता है, उसी तरह केंद्र की योजनाओ को आम जनता तक पहुंचाने का कार्य राज्य सरकार करती है लेकिन हेमंत सोरेन सरकार का ट्रांसफॉर्मर जल चुका है , इसे बदलना है और झारखंड में भाजपा की सरकार बनानी है।

कांग्रेस पर हमला जारी रखते हुए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **कांग्रेस पिछड़ा और दलित विरोधी पार्टी है।** 1950 में काका कालेलकर कमीशन बनी लेकिन इसकी रिपोर्ट को कांग्रेस ने सामने नहीं आने दिया। पिछड़ों को आरक्षण देने के लिए मण्डल कमीशन बनाया गया लेकिन इंदिरा गांधी ने मण्डल कमीशन का विरोध किया। वर्ष 2014 में झारखंड और देश की जनता ने भाजपा सरकार बनाई तो आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने केन्द्र की सभी परीक्षाओं और नौकरियों में पिछड़ा वर्ग को 27% आरक्षण देने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि **झामुमो, कांग्रेस और आरजेडी के लोग झूठ फैला रहे हैं कि यूसीसी आएगा, तो आदिवासियों को उससे समस्या होगी। भारतीय जनता पार्टी ने यह तय किया है कि झारखंड में घुसपैठ रोकने के लिए यूसीसी तो जरूर आएगा लेकिन हमारे आदिवासियों को यूसीसी के दायरे से बाहर रखा जाएगा, उन पर इसका कोई असर नहीं होगा।**

****************